## खबर संक्षेप

### विश्व पर्यावरण दिवस पर सेंट्रल एकेडमी का होगा सम्मान



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय में संचालित सेंट्रल एकेडमी (इंग्लिश मीडियम) हॉयर सेकेण्ड्री स्कूल का विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून को सम्मान होगा, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरण परिसर भोपाल ने विद्यालय को पत्र जारी करते हुए अवगत कराया कि शासन द्वारा मध्यप्रदेश वार्षिक पर्यावरण पुरूस्कार वर्ष 2022-23 के लिए विद्यालय ने पुरूस्कार प्राप्त किया है, यह पुरूस्कार विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा वितरित किया जाना प्रस्तावित है। 5 जून को प्रातः 10 बजे कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागृह में यह कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है।

### सट्टोरियों पर गाज, एक गिरफ्तार, एक फरार

**अमलाई।** थाना क्षेत्र अंतर्गत धनपुरी नंबर 3 क्षेत्र में सट्टे का कारोबार करने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाया, इसमें नंदलाल नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, वहीं मन्टू नामक दूसरा कारोबारी भागने में सफल रहा। गौरतलब है कि दोनों बीते कुछ महीनों से चोरी-छुपे सट्टे का कारोबार कर रहे थे, बुधवार की सुबह थाना प्रभारी जे.पी.शर्मा ने मुखबिरों से सूचना मिलने के बाद कई स्थानों पर सघन जांच की। श्री शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में अवैध कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### 4 जून को पाली में मुख्यमंत्री के मुख्य आथित्य में होगा महा सम्मेलन

**उमरिया।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के मुख्य आथित्य में पाली में पेशा ग्राम पंचायतों, ग्राम सभाओं के प्रतिनिधियों का महा सम्मेलन 4 जून को आयोजित होगा। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने पाली में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के कार्यक्रम स्थल, मंच व्यवस्था,पार्किंग व्यवस्था, सेफ हॉउस, ग्रीन हाउस, हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह, एसडीओपी श्री बोहित, एसडीएम पाली अम्बिकेश प्रताप सिंह, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जी.आर.गायकवाड़, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग, सरोज सिंह, कार्यपालन यंत्री आरईएस श्री मार्को, मुख्य अभियंता बिजली विभाग, सीईओ पाली कन्हाई कुंवर, तहसीलदार डी.एस.मरावी, नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रधानडाक पाल ने दुकान हटाने लिखा नपा, यातायात सहित कोतवाली को पत्र

# मुनाफे का बाजार बन रहा अतिक्रमण, दफ्तर व एटीएम भी घिरे

**शहडोल।** नगर के प्रमुख मार्गों व चौराहों में अतिक्रमण बढ़ जाने से आवाजाही मे दिनोदिन असुविधाएं बढ़ती जा रही है, लेकिन अतिक्रमण के खिलाफ ठोस मुहिम नहीं चलाई जा रही है। अतिक्रमण के चलते आवाजाही की समस्या तो हो ही रही है साथ ही गंदगी व वाहन पार्किंग की समस्या उत्पन्न हो रही है। सब्जी मण्डी में तो सडक़ पर ही दुकाने लगाई जा रहीं हैं, जिससे वाहनों के निकलने व साइड देने में भी कठिनाई उत्पन्न हो रही है। स्थानीय बस स्टैण्ड के समीप, न्यू गांधी चौक, पाण्डवनगर रोड, जय स्तंभ चौक के समीप, अस्पताल के आसपास इतना अधिक अतिक्रमण है कि सडक़ ही संकरी हो गई है। प्रधान डाकघर के सामने भी दूकानों का जमावड़ा रहता है, इससे पोस्टआफिस आने वालों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हालांकि इस मामले में प्रधान डाकपाल ने नगर पालिका, यातायात प्रभारी सहित कोतवाली को सूचित कर अतिक्रमण हटाने की मांग की थी, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। कई स्थानों में तो पुलिस स्वयं मौजूद रहती है, लेकिन वह वाहनों को हटाने व रास्ता खाली कराने के सिवाय कुछ नहीं करती।

### आवाजाही का नियोजन नही

संभाग मुख्यालय की सडक़ों की आवाजाही और दुकानों की व्यवस्था का कोई नियोजन नहीं है। वाहनों के चलने और रुकने के लिए कोई सिस्टम नहीं है। चौराहों के ट्राफिक सिग्नल बंद पड़े हैं। दूसरी ओर सडक़ों के कितने किनारे पर कहां दुकानें लग सकतीं हैं, कहां नहीं लग सकती हैं, नगरपालिका ने एक बार हॉकर जोन बनाया था, उसके बाद से वह हॉकर जोन बनाना भूल गई। फेरी वालों का परिचय पत्र बनाया गया, उनका पंजीयन भी किया गया, लेकिन उसके बाद उन्हे दुकान नहीं मिली।



मुख्यमंत्री ने फेरी वालों की वसूली शुल्क माफ कर दिया है, फिर भी यहां वसूली चल रही है।

### कोतवाली को लिखा पत्र

गत दिनों प्रधान डाकपाल ने नगर पालिका, यातायात प्रभारी सहित कोतवाली को इस आशय का पत्र लिखा था कि प्रधान डाकघर के सामने से अनाधिकृत दुकाने हटाई जाएं। पत्र में लेख किया गया था कि प्रधान डाकघर के सामने एवं दोनों प्रवेश गेट के सामने अनाधिकृत रूप से दुकाने लगाई जा रहीं हैं। जिससे पोस्ट आफिस के हितग्राहियों को कार्यालय आने-जाने व वाहन खड़ा करने के लिए जगह नहीं मिल रही है। एटीएम के सामने कुर्सी लगाकर घेर लिया जाता है साथ ही पोस्टआफिस के हितग्राहियों व ग्राहकों से दूकानदारों द्वारा अभद्रता की जाती है। एटीएम के समीप जमावड़ा लगा रहता है, जिससे एटीएम घिर जाता है, यहां कभी भी किसी भी तरह की वारदात हो सकती है। इसलिए सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए यहां से अतिक्रमण हटाया जाना बहुत आवश्यक है।

### प्रशासन को सरोकार नहीं

सडक़ों पर दुकानो की भीड़ बढ़ती जा रही है, चौराहे घिरते चले जा रहे हैं, लेकिन व्यवस्था की ओर किसी की भी नजर नहीं जा रही है। बताया जाता है कि नगरपालिका अभियान चलाने की बजाय, इसमें कमाई का जरिया तलाश रही है। उसके कर्मचारी फुटपथिए व्यापारियों से कमीशन लेते रहते हैं। ठेकेदार पर्ची काटकर पैसा वसूल करवाता है, जितनी दुकाने बढ़ेंगी, इनका तो धंधा उतना ही चलेगा। क्यों हटवाएं अतिक्रमण, इसके अलावा प्रशासन के अधिकारियों को भी फुर्सत नहीं मिलती है। संभाग मुख्यालय की सडक़ों पर किनारे से दूर तक दुकानों की आड़ी तिरछी कतार दिखाई पड़ती है और उसके बाद आधे से अधिक सडक़ पर जानवरों का झुण्ड बैठा रहता है। अब आने-जाने के लिए जगह कहां बचती है। वाहन चालक मुश्किल से निकल पाते हैं। अतिक्रमण नही हटने का एक बड़ा कारण यह है कि जीविका की तलाश करने वाले, अफसरों के पेट का सहारा बने हुए हैं।

### संभ्रांत लोग भी अतिक्रमण बढ़ा रहे

अतिक्रमण बढ़ाने में उन लोगों का भी हाथ है, जो बस्तियों में निवास करते हैं और बड़े संभ्रांत माने जाते हैं। उनके घर के सामने फुटपाथ पर अगर कोई व्यापारी अपना ठेला रख ले तो, वे तुरंत उसे लाइट, पानी आदि की सुविधा प्रदान कर, उससे किराया वसूलने लगते हैं। फुटपाथ उनकी कमाई का जरिया बन जाता है। शासकीय सडक़ भी सभ्रांत लोगों की कमाई का जरिया बन जाती है। कुछ जगह तो आलम यह है कि घर के मालिक ने नालियों को ढांक कर उसे किराए से दे दिया है। कोई चाय वाला या पान वाला उसमें बैठा धंधा कर रहा है। हालत यह है कि ठेलों की संख्या दिनोदिन बढ़ती जा रही है और सडक़ों का दायरा सिकुड़ता चला जा रहा है।

## जंगल में फसे लोगों को डायल-100 की टीम ने पहुंचाई मदद

**शहडोल।** पुलिस का काम केवल अपराधियों को पकडऩा ही नहीं होता, कभी-कभी वे ऐसे मौकों पर भी जीवन रक्षक बन जाते हैं, जब आम नागरिक संकट में होता है। ऐसा ही एक सराहनीय उदाहरण शहडोल जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र में उस समय देखने को मिला, जब मध्य रात्रि को जंगल में फंसे तीर्थयात्रियों की मदद कर पुलिस ने मानवता की मिसाल पेश की।

28 मई की रात लगभग 1 बजे छत्तीसगढ़ के कवर्धा निवासी सेवक पटेल अपने परिवार और साथियों के साथ माता मैहर के दर्शन कर रायपुर लौट रहे थे। जैसे ही उनका वाहन सिंहपुर थाना अंतर्गत ग्राम चटहा के पास पहुंचा, स्कॉर्पियो का डीजल खत्म हो गया। घना अंधेरा, सूनसान रास्ता और आस-पास कोई मदद का साधन न होने की स्थिति ने यात्रियों को चिंता में डाल दिया।

इसी दौरान ग्राम पतखई से नोडल प्वाइंट लौट रही डायल-100 एफआरव्ही की टीम वहां से गुजऱ रही थी। श्री पटेल ने तुरंत मदद की गुहार लगाई, जिस पर ड्यूटी पर तैनात सहायक उपनिरीक्षक राजेंद्र तिवारी और पायलट भरत कुमार यादव ने



मानवीयता का परिचय देते हुए तुरंत नजदीकी पेट्रोल पंप से डीजल लाकर वाहन में डलवाया।

वाहन में डीजल डालने के बाद तीर्थयात्री सकुशल अपने गंतव्य रायपुर के लिए रवाना हो सके। संकट की इस घड़ी में मिली त्वरित सहायता के लिए श्री पटेल और उनके साथियों ने पुलिस टीम का हृदय से आभार जताया। इस घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में शहडोल पुलिस की चौतरफा सराहना हो रही है। सोशल मीडिया पर भी डायल-100 टीम की तत्परता और सेवा भावना की प्रशंसा की जा रही है।

इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि पुलिस केवल अपराध रोकने वाली संस्था नहीं, बल्कि आम जनता की सुरक्षा और सेवा के लिए हर समय तैयार रहने वाली संस्था है। ऐसे प्रयास समाज में पुलिस के प्रति विश्वास को और भी मजबूत करते हैं।

## नाबालिग को जेसीबी चलवाने वाला मालिक गिरफ्तार

**शहडोल।** 06 मई को थाना सिंहपुर में फरियादिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसका लगभग 10 वर्षीय नाबालिग पुत्र बुढ़ार स्थित केमिकल फैक्ट्री के पीछे एक जेसीबी मशीन के नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिससे उसकी पसलियों की हड्डियाँ टूट गईं।प्रकरण में थाना सिंहपुर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण कर जेसीबी मशीन व चालक की तलाश की गई। घटनास्थल पर उपस्थित साक्ष्यों व गवाहों से यह पुष्टि हुई कि उक्त जेसीबी एक नाबालिग बालक द्वारा चलायी जा रही थी, जिसके पास जेसीबी चलाने के लिए कोई वैध लाइसेंस प्रशिक्षण या दस्तावेज नहीं था। पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि जेसीबी मालिक सुमित द्विवेदी पिता शेषमणि द्विवेदी



निवासी भुतही मोहल्ला बुढार द्वारा यह जानते हुए भी कि चालक नाबालिग है और उसके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं है, उसे जेसीबी चलाने की अनुमति दी गई। इसी लापरवाही के चलते एक अन्य 10 वर्षीय बालक जेसीबी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुआ।प्रकरण में आरोपी सुमित द्विवेदी के विरुद्ध बीएनएस एवं किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम 2015 के तहत प्रकरण में धाराएं वृद्धि कर दिनांक 27 मई को गिरफ्तार किया गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त जेसीबी को जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। आरोपी को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बुढ़ार निरीक्षक संजय जायसवाल के नेतृत्व में उपनिरीक्षक उमाशंकर चतुर्वेदी, सहायक उपनिरीक्षक रविदास संत, सहायक उपनिरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह एवं अन्य पुलिसकर्मियों की सराहनीय रही।

### विश्वविद्यालय के छात्रों का आईआईटी दिल्ली में इंटर्नशिप के लिए चयन



**शहडोल।** पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान विभाग के शोधार्थी शिवम् कुमार भट्ट और बी.एस.सी. चौथे वर्ष के छात्र अभिषेक कुमार यादव को आईआईटी दिल्ली में पर्यावरण विज्ञान और माइक्रोप्लास्टिक से संबंधित अनुसंधान परियोजना में इंटर्नशिप के लिए चयनित किया गया है। यह उपलब्धि विभागाध्यक्ष प्रो. अमित निगम के मार्गदर्शन और सहायक प्राध्यापक डॉ. वंदना राम के निर्देशन से संभव हो पाई है। इन छात्रों को दिल्ली में विशेषज्ञों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त होगा और वे इस दिशा में महत्वपूर्ण कार्य करेंगे।जैसा कि हम सभी जानते हैं, प्लास्टिक प्रदूषण आज की सबसे बड़ी समस्या बन गई है। हमारे दैनिक जीवन में प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग इसे और बढ़ा रहा है। हालांकि, हम इस तथ्य को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं कि प्लास्टिक न केवल भूमि में, बल्कि जल में भी जैसे नदियों और तालाबों में प्रदूषण फैला रहा है, जिससे जल में रहने वाले जीव भी प्रभावित हो रहे हैं। यह प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हमारी स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर रहा है। इसलिए, इस दिशा में विचार करना और अनुसंधान के माध्यम से नए उपायों की खोज करना आवश्यक है। विश्वविद्यालय के कुलगुरु और कुलपति ने इस सफलता पर छात्रों को बधाई दी और उनके उत्साहवर्धन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## गांधी चौक की रैलिंग व डिवाइडर को ट्रक ने पहुंचाया नुकसान

**शहडोल।** शहर के हृदय स्थल में स्थित गांधी चौक में एक ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए चौक की रेलिंग व डिवाइडर को नुकसान पहुंचाते हुए भागने लगा, जिसे ट्रैफिक पुलिस ने पकड़ कर कोतवाली को सौंप दिया है। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है।पुलिस ने बताया कि बुधवार की सुबह 9 बजे एक ट्रक जिसमे लोहा लोड था, जो रायपुर से राजेंद्र की टॉकीज की ओर जा रहा था, बुढ़ार चौक पर ट्राफिक पॉइंट लगा हुआ था, शहर के अंदर ट्रक को जाता देख बुढार चौक ट्राफिक पॉइंट में लगे आर, ने चालक को आवाज लगाई और उसे वाहन रोकने के लिए कहा, लेकिन ट्रक चालक अपनी तेज गति से वाहन को लेकर आगे बढ़ता रहा, तभी बुढार चौक में तैनात आरक्षक विजय पाल ने आगे लगे ट्राफिक पॉइंट को वायरलेस सेट में इसकी जानकारी दी और खुद ट्रक के पीछे



लग गए। उधर से जयस्तमाभ चौक में तैनात ट्रैफिक आरक्षक भी राजेंद्र टॉकीज की ओर बढ़े, ट्रैफिक आरक्षक विजय ने बताया कि वह जब गांधी चौक के पास से गुजरे तो गांधी चौक के चारों तरफ रेलिंग व डिवाइडर क्षतिग्रस्त था । जिसे देख यह अंदाजा लगाया जा सकता था कि ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए इसे तोड़ दिया है। हालांकि ट्रैफिक पुलिस की मुस्तादी से ट्रक चालक को राजेंद्र टॉकीज चौक पर पकड़ लिया गया है और कोतवाली पुलिस को सौंप दिया गया है। वहीं गांधी चौक में स्थित स्थानीय लोगों ने बताया की लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाते हुए गांधी चौक के चारों तरफ बनी रेलिंग व डिवाइडर को ट्रक चालक ने तोड़ दिया और भागने लगा, तभी स्थानीय लोग भी ट्रक चालक को पकडने के लिए उसके पीछे लग गए। तभी ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालक को पकड़ लिया है। स्थनीय लोगों ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस ने समय रहते ही वाहन को रोक लिया और चालक को पकड़ लिया, नहीं तो वाहन चालक काफी तेज गति में शहर के अंदर वाहन चला रहा था जिससे कोई बड़ी अनहोनी भी हो सकती थी।

## ग्राम पंचायत भदवाही में जल चौपाल का किया गया आयोजन



**शहडोल।** जल ही जीवन है, जल के बिना जीवन की कल्पना भी संभव नहीं है। जिले में पर्याप्त वर्षा होती है। जरूरत है वर्षा की एक-एक बूंद के संरक्षण की। गांव का पानी गांव में, खेत का पानी खेत में संरक्षित करके हम सब पानीदार बन सकते हैं। हमें जहां एक ओर वर्षा जल का संरक्षण करना होगा वहीं दूसरी ओर जल के प्रबंधन एवं बेहतर उपयोग के लिए भी प्रयास की जरूरत है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आहवान पर जिले में भी गांव-गांव में जल गंगा संवर्धन अभियान समाज एवं सरकार के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से जहां पुरानी जल संरचनाओं कुआ, तालाब, बावडिय़ों, जल स्त्रोतों, गांव में बहने वाली नदियों एवं नालों की साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। वहीं उपयुक्त स्थलों में नई जल संरचनाओं खेत तालाब, अमृत सरोवर, पुष्कर तालाब, निर्मल नीर आदि का भी निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ.केदार सिंह ने गोहपारू जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत भदवाही में आयोजित जल चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज से जल संवर्धन कार्यों में आगे आकर जुडऩे की बात कही। इस अवसर पर ग्रामीणों ने भी जल संरक्षण के कार्यों में बढ़-चढक़र अपनी सहभागिता निभाने की बात दोहराई।

## ग्रामीणों की मांगों को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**शहडोल।** गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा सोहागपुर अनुविभागीय अधिकारी को रामपुर-बटुरा खुली खदान में अर्जित ग्रामों के पुर्नवास, मकान का मुआवजा एवं रोजगार एवं अन्य समस्याओं के निराकरण होने तक खदान बन्द करने के लिए ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि ग्राम रामपुर तथा बेलिया की भूमियों का अर्जन 14 जनवरी 2011, 30 मार्च 2015 एवं 30 जुलाई 2015 को सेक्शन 9 (1) की धारा लगाकर अर्जन किया गया है एवं सेक्शन 9 (1) अर्थात अर्जन के लिए अंतिम प्रकाशन 21 जनवरी 2016 को किया गया है, अतः रामपुर बेलिया की अर्जित समस्त भूमियों पर सेक्शन 9 (1) की अंतिम तिथि 21 जनवरी 2016 मानकर रोजगार प्रदान किया जाए। ग्राम-रामपुर तथा बेलिया की सीमा तक खदान का संचालन हो रहा है, जिसके कारण होने वाले ब्लास्टिंग से मकान क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, जिससे जानमाल का खतरा बना हुआ है, किन्तु आज दिनांक तक उक्त दोनों ग्रामों के मकानों, कुआं बोर एवं अन्य परिसम्पत्तियों का मुआवजा एवं पुर्नवास की राशि प्रदान नहीं की गई है और न ही बसाहट के लिए चिन्हित भूमि पर कोई विकास कार्य किया गया है।



ग्राम बेलिया के वृक्षों का मुआवजा आज दिनांक तक पूर्णतः लंबित है। पुर्नवास की राशि वर्ष 2012 के आधार पर 3.00 लाख प्रदान न करते हुए आज दिनांक के आधार पर गणना कर प्रदान कराई जाए। ग्राम रामपुर की कुछ भूमि अधिग्रहण क्षेत्र की सीमा में है, किन्तु उनका मुआवजा एवं रोजगार नहीं दिया गया है। रोजगार प्रक्रिया में एडीसी एवं एपेक्स के नाम से महीनों तक बेरोजगारों को परेशान किया जाता है। उक्त अर्जित ग्रामों के अर्जित भूमि के एवज में रोजगार प्राप्त करने वाले सभी प्रभावितों को ओपन कास्ट में ही पदास्थापित किया जाए। ग्राम कौदेली की डीआरआरसी शीघ्र कराई जाए। ग्राम अतरिया, बिछिया तथा खैरबना के अर्जित भूमियों का मुआवजा शीघ्र प्रदान किया जाए एवं डीआरआरसी कर रोजगार प्रदान किया जाए। रामपुर बटुरा परियोजना में नियोजित निजी कम्पनियों में प्रभावित ग्रामों के ही बेरोजगारों को प्राथमिकता से रोजगार प्रदान कराया जाए, किन्तु उक्त परियोजना में नियोजित कम्पनियों में मनमाने ढंग से पैसे लेकर भर्ती की जा रही है, जो आपत्तिजनक है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने मांग की है कि प्रभावित लोगों के समस्याओं का निराकरण शीघ्र अतिशीघ्र किया जाये।



खबर संक्षेप

## शनि मंदिर में शनि महोत्सव का किया गया आयोजन



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** शनि जयंती के अवसर पर नगर के ठाकुर बाबा धाम में स्थित शनि मंदिर में शनि महोत्सव का आयोजन किया गया। शनि जयंती के अवसर पर शनि महाराज का पंचामृत और तेल अभिषेक किया गया. सुबह चार बजे ब्रह्म मुहूर्त में आरती का आयोजन किया गया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शनि भक्ति में भाग लिया। ठाकुर बाबा धाम में स्थित शनि मंदिर में पूरे दिन शनि जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया।

## छात्रों को प्राथमिक उपचार के बारे में किया गया जागरूक



**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.बी.चौधरी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय उमरिया के छात्र छात्राओं को जिला चिकित्सालय भ्रमण कराया गया । इस दौरान उन्होने अस्पताल परिसर का भ्रमण किया । भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं को अस्पताल द्वारा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई । इस दौरान छात्रो ने दवा वितरण कक्ष, डाक्टर ड्युटी कक्ष, मेल , फीमेल वार्ड, ओपीडी, हेल्प डेस्क कक्ष आदि का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर सीएस उमरिया डा केसी सोनी, डा मृदुल तिवारी सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे ।

## सील फाउंडेशन ने आयोजित किया पर्यावरण संरक्षण संगोष्ठी कार्यक्रम



**उमरिया।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्यवक रविन्द्र शुक्ला के कुशल मार्गदर्शन में विकासखंड करकेली अंतर्गत नवांकुर संस्था सील फाउंडेशन सेक्टर घुलघुली द्वारा शिवमंदिर प्रांगण सिलौडी में वट सावित्री अमावस्या के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन शैलेंद्र सिंह गहरवार की उपस्थिति में किया गया।
शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि पेड़ों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। वे हमें ऑक्सीजन देते हैं, जो हमारे सांस लेने के लिए आवश्यक है। इसके अलावा वे पर्यावरण को शुद्ध करते हैं।

### पुलिस महानिरीक्षक के आदेश का नहीं हो रहा पालन, आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं

# भ्रष्टाचारियों को बचाने जांच अधिकारी तथ्यों को तोड़ मरोड़ रहे

**उमरिया।** ब्राइट फ्यूचर मिडिल स्कूल महरोई के नाम पर की गई धांधली के विरुद्ध प्रमाण प्रस्तुत किए जाने और एफआईआर दर्ज हो जाने के बाद भी आज तक कार्रवाई नहीं हो सकी। जबकि पुलिस महानिरीक्षक ने जांचकर्ता अधिकारी कोतवाली टीआई को बदलने का निर्देश दिया था। इस आदेश का भी आज तक पालन नहीं किया गया। स्थिति यह है कि मामले की जांच कर रहे कोतवाली टीआई बालेन्द्र शर्मा आज भी अपनी मनमानी कर आरोपियों को आंच से बचाते जा रहे हैं।
इस प्रकरण से यह स्पष्ट होता है कि जिले में भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी मजबूत हैं और अधिकारी उसे पोषित करने के लिए अपने वरिष्ट अधिकारियों के आदेशों की भी अवज्ञा करने से बाज नहीं आते हैं। महीनों से चल रहा मामला आज तक किसी नतीजे में नहीं पहुंच सका है। हालात यह है कि विवेचना अधिकारी श्री शर्मा ने आज तक शिकायतकर्ताओं का बयान तक नहीं लिया है।



### पुलिस महानिरीक्षक के आदेश की अवहेलना

पुलिस महानिरीक्षक का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया गया है कि मामले के जांच अधिकारी कोतवाली टीआई बालेन्द्र शर्मा द्वारा निष्पक्ष रूप से कार्रवाई नहीं की जा रही है, इसलिए उन्हे बदलने की आवश्यकता है। इस पर आदेशित किया गया था कि उक्त प्रकरण में थाना प्रभारी श्री शर्मा के स्थान पर किसी अन्य सक्षम अधिकारी को जांच हेतु नियुक्त कर तीन दिवस के अंदर सूचित किया जाए। लेकिन आज तक इस आदेश पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। मामले के गवांहों को बदलने एवं साक्ष्य नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। हैरानी की बात है कि इस मामले में आपके भी आदेश को महत्व नहीं दिया जा रहा है। जांच अधिकारी स्वयं ही आरोपियों के पक्ष में प्रमाणों को तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत करने का प्रयास कर रहे हैं।

### जांच को गलत दिशा दे रहे

आरोप लगाया गया कि बालेन्द्र शर्मा के द्वारा आरोपीगण को बचाने का पुरजोर प्रयास किया जा रहा है, आरोपियों के हित में कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जांच प्रतिवेदन बना कर जांच को गलत दिशा में ले जाने हेतु प्रयास किया गया है। न्यायालय के समक्ष कूटरचित प्रतिवेदन ही प्रस्तुत किया गया है। आरोपियों को फरार बताया जा रहा है, स्कूल स्थल का गलत नक्शा तथा पंचनामा बनाया गया है। ब्राइट फ्यूचर स्कूल महरोई में दो कमरों के किराए के मकान में संचालित था। जिसका खसरा व स्कूल की फोटो संलग्न है। वर्तमान में स्कूल रहीस मंसूरी के निजी निवास के छत पर संचालित है। केके तिवारी के प्रतिदिन ड्यूटी हाजिरी रजिस्टर की छाया प्रति आवेदन के साथ प्रस्तुत की गई है। इससे भी धांधली प्रमाणित होती है।

### वर्षों से हो रहा कूटरचना का खेल

पुलिस महानिरीक्षक को सूचित किया गया है कि ब्राइट स्टार फ्यूचर मिडिल स्कूल में पब्लिक ब्राइट स्टार वार्ड नंबर 11 उमरिया के किसी भी छात्र ने न तो एडमीशन लिया न अध्ययन किया है। केवल फर्जी दस्तावेजों व कूटरचना करते हुए अदला बदली का कार्य निरंतर कई वर्षों से किया जाता रहा है। जांच अधिकारी श्री शर्मा ने जांच प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत करने का कार्य किया गया है। इस तरह के दस्तावेजों व प्रतिवेदन से न्याय प्रभावित होगा। इसलिए भ्रष्टाचार व अपराध की गंभीरता को देखते हुए बालेन्द्र शर्मा के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाए साथ ही जांच किसी अन्य सक्षम अधिकारी को सौंपी जाए। इसके साथ ही आरोपीगण की गिरफ्तारी शीघ्र कराई जाए। ताकि न्यायहित की सुरक्षा हो सके।

## जल गंगा संवर्धन अभियानः प्याऊ का हुआ शुभारंभ



**उमरिया।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक शहडोल भीम सिंह डामोर द्वारा ग्राम ओदरी सेक्टर चौरी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत निशुल्क प्याऊ का फीता काटकर शुभारंभ किया गया । साथ ही शहडोल संभागीय समन्वयक द्वारा सभी को जल वितरित करते हुए सत्तू का वितरण किया गया। इस अवसर पर वट सावित्री पूजन कार्यक्रम अंतर्गत पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन ग्राम पंचायत भोतरा ग्राम धूपखड़ा आदर्श ग्राम में किया गया । संभाग समन्वयक द्वारा ग्राम की महिलाओं को प्रकृति और पर्यावरण विषय पर प्राचीन काल से चली आ रहे प्रमुख त्योहारो के माध्यम से प्रकृति एवं मानव के जुड़ाव के सम्बंध में जानकारी दी गई । प्रकृति द्वारा नीम ,पीपल, बरगद तुलसी,आमला आदि वृक्ष के पूजन करना तथा वैज्ञानिक आधार पर सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होना ऑक्सीजन प्राप्त होना तथा पेड़ के नीचे बैठने पर शांति एवं मन शांत होता है तथा शरीर को ऑक्सीजन अधिक प्राप्त होता है हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम 10 इस प्रकार के पौधे लगाना चाहिए और उनके संरक्षण संवर्धन की जिम्मेदारी लेना चाहिए। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सभी ग्राम वासियों को एक एक नीम का पौधा लगाने का आग्रह किया । कार्यक्रम में जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला ,ब्लॉक समन्वयक पुष्पा टेकाम नवांकुर संस्था मां वैभव लक्ष्मी अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, परामर्श दाता श्रीमती अर्चना मिश्रा ,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्य,बउबसकच छात्र , ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन क्लस्टर बिजौरी में आयोजित किया गया । इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता , पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं रैली का आयोजन किया गया । गतिविधि में किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता पूनम मिश्रा ने किशोरियों को महावारी स्वच्छता पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी । सेनेटरी पैड एवं सूती सुखे कपड़े के उपयोग के संबंध में बताया गया एवं स्वच्छता प्रबंधन के गुण सिखाए गए । कार्यक्रम में जिला किशोर स्वास्थ्य समन्वय के द्वारा निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागियों को एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं को पुरस्कृत किया गया । कम्युनिटी मोबिलाइजर राजेंद्र वर्मा ने बताया कि उक्त गतिविधि समस्त क्लस्टर स्तर पर आयोजित किया जाने के निर्देश प्राप्त हुए है जिससे किशोरियों एवं ग्राम स्तर पर जागरूक हो सके। कार्यक्रम में आशा सुपरवाइजर संगीता पांडे द्वारा आशा , कम्युनिटी मोबिलाइजर राजेंद्र वर्मा किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता पूनम मिश्रा लोकेश चौधरी एवं किशोरी साथिया एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रही ।





## सिविल सर्जन ने वार्डो का किया निरीक्षण

**उमरिया ।** जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन ने जिला चिकित्सालय के वार्डो का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होने बायोमेडिकल कचरे का सही प्रबंधन एवं निष्पादन करने के निर्देश समस्त वार्ड इंचार्ज को दिए । उन्होने कहा कि निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए । कचरा प्रबंधन करना सबकी जिम्मेदारी है । सभी इसी भावना के साथ कार्य करे।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में बालिकाएं हॉकी खेल में बढ़ चढक़र ले रहीं भाग

## राष्ट्रीय खेल हॉकी में बालिकाओं का दिखा उत्साह



**उमरिया।** महिला सशक्तिकरण का एक रूप उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली में आयोजित हो रहे ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में देखने को मिल रहा है। मां बिरासिनी क्रिकेट स्टेडियम बिरसिंहपुर पाली में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 मई से किया जा रहा है। गौरतलब है कि विभाग द्वारा 01 मई से समर कैंप की शुरुआत की गई थी। जिसका समापन 5 जून को किया जाएगा। एक माह के प्रशिक्षण के दौरान बच्चों में अब खेल के प्रति खासा उत्साह देखा जा रहा है। वे नियमित रूप से अभ्यास कर रहे हैं और नए कौशल सीखने के लिए प्रशिक्षक द्वारा बताए गए अनुसार खेलते हैं। इस दौरान बच्चों में अनुशासन के साथ टीम भावना और आत्मविश्वास जागृत हो रहा है। कैंप संयोजक हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि खेल प्रशिक्षण में विभिन्न खेल फुटबॉल, कबड्डी, खो खो, वॉलीबॉल, क्रिकेट, योग व्यायाम आदि आयोजित कर युवाओं को खेलों से जोड़ा जा रहा है।हॉकी एक टीम गेम है जो शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से फायदेमंद है। यह बच्चों को शारीरिक फिटनेस, समन्वय, और टीम वर्क जैसे कौशल विकसित करने में मदद करता है। कई समर कैम्पों में, हॉकी प्रशिक्षण के अलावा, अन्य खेल गतिविधियों और रचनात्मक गतिविधियों को भी शामिल किया जाता है, जिससे बच्चों का समग्र विकास होता है। इसी क्रम में राष्ट्रीय खेल हॉकी में बिरसिंहपुर पाली के कई बालिकाओं की रुचि देखने को भी मिली है। जिसका प्रशिक्षण हॉकी कोच कमलभान रघुवंशी के द्वारा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खेल बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से सक्रिय रखते हैं। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है। समझने की क्षमता में भी सुधार होता है।खेल बच्चों की कल्पना और रचनात्मकता को जगाने का माध्यम है। इससे बच्चे नए खेलों के साथ प्रयोग करते हैं। अपनी भावनाएं व्यक्त करते हैं।कैम्प में हॉकी एक लोकप्रिय गतिविधि बन गई है, जिसमें कई लड़कियां हिस्सा ले रही हैं। खेल गतिविधियों के दौरान हॉकी कोच कमलभान रघुवंशी, कैंप संयोजक हिमांशु तिवारी, योगा कोच खुशी सेन, हॉकी खिलाड़ी संजीवनी पटेल, नेहा सिंह, पलक सिंह रघुवंशी, कृष्णा देवी बैगा,महक बैगा, आस्था तोमर, माही पटेल,जानकी बैगा,सुहानी बैगा,आयुषी सहित सभी खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## विश्व जैव विविधता दिवस पर अर्ध-शुष्क क्षेत्रों की जैव विविधता थीम पर केंद्रित रहा कार्यक्रम

### भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के 110 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष हैकथन का आयोजन

**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में विश्व जैव विविधता भारतीय प्राणी सर्वेक्षण द्वारा अपने 110 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक विशेष हैकथन का आयोजन किया गया। इस बार कार्यक्रम का मुख्य विषय 'जैव विविधता संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन' था, जो विशेष रूप से अर्ध-शुष्क क्षेत्रों की जैव विविधता पर केंद्रित रहा। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई, जिसकी भावपूर्ण प्रस्तुति विश्वविद्यालय के छात्र शिवम भगत द्वारा दी गई। इस हैकथन में पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल के प्राणीशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों एवं फैकल्टी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नवाचार से भरपूर प्रस्तुतियाँ दीं।

### बाजरे की सुरक्षा पर प्रेजेंटेशन

अंकित शुक्ला एवं रितु पांडेय ने कहा कि खेत से लेकर भंडारण तक अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में बाजरे की सुरक्षा सुनिश्चित करना विषय पर प्रेजेंटेशन दिया। अंकित शुक्ला ने बताया कि अद्र्ध शुष्क क्षेत्र में मिलेट्स (बाजरा आदि) की खेती एक व्यवहारिक विकल्प है, क्योंकि यह फसल 60 से 80 दिनों में तैयार हो जाती है, जबकि गेहूं और धान को पकने में तीन महीने लगते हैं। इसके साथ ही इसमें पानी की आवश्यकता भी कम होती है, जिससे यह अर्ध-शुष्क क्षेत्रों के लिए उपयुक्त समाधान बन सकती है। साथ ही इसके मिलेट्स के कीट प्रबंधन के बारे नए सुझाव प्रस्तुत किए।प्रिंसी सिंह, शिवम् भगत और ईशा कहार ने एक एआई टूल मॉडल का विचार प्रस्तुत किया, जो कि स्कैन्ड इमेज पर आधारित है। यह एप खेतों से ली गई फूल और कीटों की तस्वीरों के माध्यम से दोनों की पहचान करेगा और यह बताएगा कि कौन से कीट किस प्रकार के फूलों के लिए सर्वोत्तम परागणकर्ता हैं। उनका यह विचार भूले हुए नायक, शुष्कभूमि में कीट जैव विविधता और परागण नेटवर्क विषय पर आधारित था, जिसके लिए उन्हें तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अर्पिता मिश्रा, जयराज रजक और सुचिता तिवारी ने ईको-सारथी नामक एक एप का आइडिया प्रस्तुत किया, जिसमें कंजर्वेशन एक्टिविटी, फुटप्रिंट कैलकुलेटर जैसे कई उपयोगी फीचर्स शामिल हैं। इस एप का उद्देश्य अर्ध-शुष्क क्षेत्रों की जैव विविधता के संरक्षण में सहायता करना और लोगों को जागरूक बनाना है। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के लिए उन्होंने ग्राउंड लेवल पर गहन शोध किया है।शोधार्थी अंजली एवं शिवानी ने शहडोल जिले की पक्षी विविधता और संजय डुबरी वन्यजीव अभयारण्य पर आधारित प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने स्थानीय और प्रवासी पक्षियों की महत्ता और संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मानसी सैनी, रिया सिंह परिहार एवं एकता मौर्य ने भी जलवायु संरक्षण के लिए एआई टूल का इस्तेमाल करना बताया। इस आयोजन ने न केवल छात्रों की वैज्ञानिक सोच और नवाचार क्षमता को उजागर किया, बल्कि जैव विविधता संरक्षण की दिशा में युवाओं की भागीदारी को भी प्रोत्साहित किया। इस हैकथन में देश भर से शोधार्थी एवं विद्यार्थियों ने बढ़ चढक़र भाग लिया।



## भारतीय सेना के सम्मान में कांग्रेस ने निकाली जय हिंद यात्रा



### भालूमाडा के अमन चौक में नुक्कड़ सभा के साथ हुआ भव्य स्वागत

**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** जिले में 28 मई को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश सिंह की अगुवाई में भारतीय सेना के सम्मान में कांग्रेस पार्टी द्वारा जय हिंद यात्रा निकाली गई जो यात्रा फुनगा से प्रारंभ होकर भालूमाडा के अमन चौक पहुंची जहां कार्यक्रम के प्रभारी व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बदरा जमुना के अध्यक्ष रूपेश उर्फ गुड्डू मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा का स्वागत किया और सभी ने नुक्कड़ सभा के माध्यम से अपने-अपने विचार रखे। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूपेश उर्फ गुड्डू मिश्रा के अलावा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश सिंह जिला पंचायत अनूपपुर की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह शिवराज दत्त त्रिवेदी बिलाल अहमद अशोक त्रिपाठी मंजू मिश्रा मुजबुल खान देवराज सिंह सुनील सिंह अरविंद मिश्रा लक्ष्मण यादव जिवेन्द्र सिंह राजू चौधरी मुन्ना सिंह अजीत खान निलेश मिश्रा अशरफ अली के साथ सैकड़ो कांग्रेस जन मौजूद रहे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बदरा जमुना के अध्यक्ष रूपेश उर्फ गुड्डू मिश्रा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सशस्त्र सेना द्वारा 6-7 मई के दरमियांनी रात को पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पीओके में किए गए एक्शन हवाई अभियान के तहत सशस्त्र सेना की बहादुरी और सफलता को उजागर करने और उनके अद्वितीय साहस को रणनीतिक क्षमता को नमन करते हुए भारतीय सेवा के प्रति आभार और सम्मान प्रकट करने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा पूरे भारतवर्ष में जय हिंद यात्रा जिला एवं ब्लॉक स्तर पर निकाली जा रही है वहीं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिले में भी कांग्रेस पार्टी के तत्वाधान में जय हिंद यात्रा निकाली जा रही है जिसका समापन 31 में 2025 को जबलपुर में शहीद स्मारक गोल बाजार में होगा इस अवसर पर देश के वीर शहीदो जवानों सशस्त्र सेना के शौर्य को नमन करने के लिए कांग्रेस के शीर्ष नेता का वहां पहुंचेंगे उन्होंने समस्त कांग्रेस जनों से अपील किया कि अधिक से अधिक संख्या में जबलपुर पहुंचे और भारतीय सेना के सम्मान में जय हिंद यात्रा में शरीक हों।

## जमुना कॉलोनी पोस्ट ऑफिस यानि भ्रष्टाचार का सिंडिकेट

**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** जमुना कॉलोनी में भारतीय डाक विभाग का स्थानीय ब्रांच पोस्ट ऑफिस आज भ्रष्टाचार का खुलेआम अड्डा बन चुका है और इस पूरे सड़े-गले तंत्र की जड़ में बैठे हैं डाक अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह, जिनकी संदिग्ध चुप्पी अब उन्हें बेकसूर नहीं, बल्कि इस लूट के मास्टरमाइंडों में गिना जाने लगा है।

### यह सिर्फ लापरवाही नहीं, अपराध है!

ब्रांच पोस्टमास्टर जी.पी. खजूर ने अपने दामाद अलफोंस इक्का को न केवल पोस्ट ऑफिस का काम सौंप दिया है, बल्कि उसे जनता के निजी और संवेदनशील दस्तावेज़ों तक खुला एक्सेस दे रखा है। एक ऐसा व्यक्ति, जो भारतीय डाक विभाग का कर्मचारी तक नहीं है वह खाता खोलता है, एटीएम, चेकबुक, पासबुक जारी करता है। यहाँ तक कि आधार-पैन जैसी गोपनीय जानकारियों के साथ छेड़छाड़ करता है। यह सीधा-सीधा डेटा सुरक्षा की हत्या है और ब्रांच पोस्टमास्टर के साथ-साथ डाक अधीक्षक की सरपरस्ती में चल रही संगठित आपराधिक साजिश है।

### अपराध में भागीदारी या सौदेबाजी?

जब इस घोटाले का पर्दाफाश हुआ, तो अधीक्षक ने रस्मी तौर पर कार्रवाई की जाएगी कहकर बात टाल दी, लेकिन महीनों बीत गए, न पोस्टमास्टर पर कोई ठोस कार्रवाई हुई, न दामाद पर एफआईआर हुई, न ही विभागीय जांच की भनक तक लगी। तो फिर क्या जनता मूर्ख है? क्या उनके टैक्स के पैसे से तनख्वाह लेने वाले अधिकारी बस कुर्सी गरमाने आए हैं? क्या ये रिश्वत की मलाई का मामला है? या फिर रिश्तेदारी की सत्ता चल रही है डाक विभाग में? जब पूरे सिस्टम की इज्जत नीलाम हो रही हो और विभाग का शीर्ष अधिकारी बहरों की तरह बैठा हो, तो यह साफ़ है गुनहगार सिर्फ नीचे नहीं, ऊपर भी बैठे हैं। जनता का धैर्य अब टूट चुका है। आज जमुना कॉलोनी का हर नागरिक डरा हुआ है। किसी का आधार सुरक्षित नहीं, किसी का बैंक खाता। अगर कल को कोई साइबर अपराध होता है, तो क्या डाक अधीक्षक जवाब देंगे? क्या पुष्पेंद्र सिंह ये गारंटी लेंगे कि उनके संरक्षण में काम कर रहा दामाद कोई गड़बड़ी नहीं करेगा?








### अब वक्त है कुर्सी से उतारने का

अगर डाक विभाग के उच्च अधिकारी अपनी गरिमा को बनाए रखना चाहते हैं, तो उन्हें तुरंत कार्रवाई करनी होगी। जी.पी. खजूर को तत्काल सस्पेंड कर, अलफोंस इक्का पर अपराध दर्ज कर सलाखों के पीछे भेजा जाए। और सबसे पहले, पुष्पेंद्र सिंह को अपने पद से इस्तीफ़ा दे देना चाहिए नैतिकता के आधार कारवाही नहीं कर पाए उनके खिलाफ विभागीय जांच होनी चाहिए, ताकि यह साफ़ हो सके कि वो मूकदर्शक थे या इस गंदे खेल के हिस्सेदार। जनता अब इंकलाब की ओर बढ़ रही है। डाकघर बचाना है तो भ्रष्टाचारियों की गर्दन पकड़नी होगी। वरना वह दिन दूर नहीं जब लोग अपने खातों के साथ-साथ अपना भरोसा भी इस तंत्र से हटा लेंगे और तब डाक विभाग की साख को बचाने के लिए कोई पुष्पेंद्र सिंह नहीं आएगा।

### इनका कहना है

जब हमारे संवाददाता ने जीपी खजूर से संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि नई-नई टेक्नोलॉजी आ रही है हम बाहर के लोगों से काम कराएंगे ही और हम अपने ऊपर के अधिकारियों से मिल लिए हैं उन्होंने कह दिया है कोई दिक्कत नहीं है।

**जीपी खजूर, पोस्ट मास्टर**
**पोस्ट ऑफिस जमुना**

## खबर संक्षेप

### लोडर वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**कटनी।** लोडर वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक वृद्ध की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बीती सुबह करीब साढ़े नौ बजे लोडर वाहन क्रमांक एमपी 21 जेडएफ 3263 ने मोटरसाइकिल चालक को इतनी जोर से टक्कर मारी की वाहन चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि जागेश्वर प्रसाद 65 निवासी गुदरी बंडा अपना इलाज करवाने ग्राम भरतपुर जा रहे थे। रास्ते में सामने से तेज रफ्तार आ रहे लोडर वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वृद्ध की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

### फांसी लगाकर प्रौढ़ ने की आत्महत्या

**कटनी।** एक प्रौढ़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना बाकल थाना क्षेत्र की है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार शुक्ला कॉलोनी बाकल में परमलाल पटेल पिता नन्हेलाल पटेल 50 का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला है। अधेड़ ने यह आत्मघाती कदम किन कारणों के चलते उठाया है, अभी इसका खुलासा नहीं हुआ है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### युवक के साथ मारपीट कर किया अपमानित

**कटनी।** रंगनाथनगर थाना अंतर्गत एक युवक के साथ मारपीट कर अपमानित किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत पर अजाक थाना पुलिस ने एफआइआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार जयहिंद चौक में पवन कोरी पिता टीकाराम कोरी 32 निवासी टाईप 01 क्वार्टर नं. 8/64 सुभाष नगर आयुध निर्माण कटनी के साथ प्रयाग पाण्डेय, पलाश पाण्डेय, ऋषभ चौबे सभी निवासी लखेरा ने एक राय होकर पुरानी बातों को लेकर गाली देकर जातिगत अपमापित किया एवं मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है।

### चाकू लेकर घूम रहे दो बदमाश गिरफ्तार

**कटनी।** चाकू लेकर घूम रहे दो युवकों को कोतवाली पुलिस ने अलग अलग स्थानों से पकड़ा है। पुलिस के अनुसार काम्पलेक्स सीनियर सेक्सन इंजीनियर के सामने आम रोड पर तरुण जाटव निवासी राजीव गांधी वार्ड को चाकू लिए दबोचा है। इसी प्रकार सेंटपाल स्कूल के पीछे वाली गली में राहुल सोनी निवासी जालपा मंदिर के पास को भी अवैध रूप से चाकू लिए मिलने पर कार्रवाई की है। दोनों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है।

### जिला अस्पताल से बाइक ले गया बदमाश

**कटनी।** मोटर साइकिल चोरी करने वाले बदमाश सक्रिय है। आए दिन किसी न किसी स्थान से वाहन चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बाइक चोरी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय परिसर से डॉ. शिवमोहन सर्राफ पिता हरिहर प्रसाद सर्राफ निवासी मनगवां जिला रीवा की अज्ञात बदमाश ने मोटरसाइकिल पार कर दी है।

### आल्हा जयंती पर निकाली गई रैली, सजाई झांकी

**विजयराघवगढ़।** महोबिया समाज ने आल्हा जयंती पर रैली निकाली गई। रैली मे आल्हा की झांकी सजाई गई। आल्हा की जीविका पर रोशनी डाली गयी। इतिहास के अनुसार आल्हा और ऊदल बहादुर योद्धा दक्षराज के बेटे थे, जिनका जन्म महोबा से 5 किलोमीटर की दूरी पर है। उन लोगों में आल्हा का ज्येष्ठ पुत्र इंदल था। आल्हा के कहने पर मलखान ने अपनी तलवार निकालकर इंदल के सिर की बली माता के चरणों में समर्पित कर दी। माता उन पर बहुत प्रसन्न हुई और इंदल को पुनः जीवन दान दिया। कहा जाता है कि इंदल आज भी अमर है और उसके पिता आल्हा को भी अमरता का वरदान है। आल्हा की अनेको गाथाओ का वर्णन उपस्थित जनो ने किया तथा विशाल रैली के दौरान संतोष कुमार महोबिया पिता बसुख ने स्वप्रेरणा से आल्हा से प्रेरणा लेते हुए 0.05 हेक्टेयर भूमि दान दिया। रामदयाल महोबिया के करकमलो से भूमि का पूजन सम्पन्न कराया गया।

### शासकीय नेहरू महाविद्यालय में लोकमाता देवी अहिल्याबाई के जीवन दर्शन पर आधारित

# निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज, बुढ़ार।

**लोकमाता देवी अहिल्याबाई के जीवन दर्शन पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढार मे किया गया।**

म. प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वी जयंती के पुण्य अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. गंगा मिश्रा के अध्यक्षता में आयोजित किया गया।



लोकमाता देवी अहिल्याबाई की जन्म जयंती के अवसर पर महाविद्यालयीन छात्रों के मध्य विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित की गई जिनमें - निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता मुख्य रही।

इस अवसर पर प्रो. गंगा मिश्रा ने कहाकि - लोकमाता अहिल्याबाई को उनके प्रशासनिक कौशल, परोपकार और देश के हिंदू मंदिरों के संरक्षण और पुनर्निर्माण में उनकी भूमिका के लियं जाना जाता है, वे एक परोपकारी महिला थी जो अपने दान कार्य और धार्मिक उत्साह के लिये प्रख्यात थी, और उनका गौरवशाली इतिहास रहा है, वे हम सभी के लिये प्रेरणा स्त्रोत रही है।

आयोजित भाषण प्रतियोगिता में बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष की छात्रा ऋषिका कुशवाहा ने प्रथम स्थान तथा बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा दामिनी बैरागी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा निबंध प्रतियोगिता में बी.ए. की छात्रा दामिनी बैरागी प्रथम स्थान पर रहीं तथा बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र तीरथ साहू द्वितीय स्थान एवं बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा गरिमा त्रिपाठी नें तृतीय स्थान अर्जित किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के राजनीति शास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ दिनेश वर्मा ने किया।

## पुलिस तीर्थ यात्रियों की बनी मददगार, मैहर से रायपुर जाते समय वाहन का डीजल हुआ खत्म



शहडोल।

थाना सिंहपुर क्षेत्र में मध्य रात्रि के समय मैहर से रायपुर जा रहे तीर्थ यात्रियों के वाहन का हुआ डीजल खत्म, डायल-112/100 स्टाफ ने सहायता कर गंतव्य के लिए रवाना होकर उनकी मददगार बनीं।

28- मई की रात्रि लगभग 01 बजे कवर्धा छत्तीसगढ़ निवासी सेवक पटेल मैहर से दर्शन कर अपने साथियों के साथ रायपुर जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम चटहा, थाना सिंहपुर क्षेत्र में श्री सेवक पटेल के स्कोर्पियों वाहन का डीजल खत्म हो गया था, अंधेरे व सुनसान रास्ते में वाहन का रुक जाना अत्यंत चिंताजनक स्थिति उत्पन्न कर रहा था। उसी समय थाना सिंहपुर की डायल 112/100 एफ आर व्ही ग्राम पतखई से वापस नोडल पॉइंट लौट रही थी। सेवक पटेल ने डायल 112/100 स्टाफ से मदद मांगी।

डायल-112/100 स्टाफ सहायक उपनिरीक्षक राजेंद्र तिवारी एवं पायलेट भरत कुमार यादव पेट्रोल पंप से डीजल लेकर आये एवं कार में डीजल डाल कर सभी को उनके गंतव्य के लिए रवाना किया। देर रात सहायता करने के लिये सेवक पटेल एवं उनके साथियों द्वारा डायल-112/100 जवानों का आभार व्यक्त किया गया।

## अम्बेडकर नगर से पंचवटी मार्ग का नगर 32 लाख की लागत से बन रही डामर सडक के कार्य का किया शुभारंभ

बुढ़ार।

अम्बेडकर नगर वार्ड क्रमांक 6 से पंचवटी मुहल्ला तक कि जर्जर सड़क जो लम्बे समय से प्रतीक्षारत थी उसका कार्य नगर परिषद के द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है जो कुछ दिनों में एक आसान सड़क के रूप में वार्ड वासियों को मिलीं सौगात।

डामरीकरण सड़क का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने विधिः विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर की।

प्रभारी सीएमओ सौरभ श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए



बताया कि काफी समय से डामर सडक बनने की वार्ड वासियों की मांग रहीं जिसकी स्वीकृति मिलने के बाद सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। सीएमओ सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि 16 सौ मीटर सड़क की लागत 32 लाख 77 हजार की लागत से बन कर तैयार होगी जिसका लाभ वार्डवासियों को शीघ्र मिलेगा।इस दौरान वार्ड पार्षद हरीशचंद्र केवट,श्रीमती सविता सिंह, सुमित्रा नामदेव, हर्ष पाठक,उप यंत्री चंद्र प्रकाश पांडेय, उपस्थित रहे।

## सड़क पर गिरा मंगलसूत्र लौटाकर पेश की ईमानदारी की मिसाल



ब्यौहारी

नगर परिषद के अंतर्गत केसरी विवाह पैलेस में रामगोपाल कुशवाहा की पुत्री लक्ष्मी कुशवाहा की शादी में निमंत्रण पर गए हरिशंकर कोरी एवं पप्पू साकेत को केसरी मैरिज गार्डन के बाहर लगभग डेढ़ लाख की कीमत का सोने का मंगलसूत्र 29 अप्रैल को रात 10:30 बजे मिला जिसको उन्होंने तुरंत ही। राम गोपाल कुशवाहा को बताया कि किसी का मंगलसूत्र मुझे गिरा हुआ मिला है जिस किसी का होगा तो आकर प्रमाण दिखा कर ले जाएगा उसके बाद रामगोपाल कुशवाहा द्वारा शादी में आमंत्रित अपने रिश्तेदारों से फोन करके पता किया लेकिन सबने कहा कि मेरा नहीं गिरा है। ऐसे पता चला- हरिशंकर कोरी जिसको मंगलसूत्र मिला था उनके द्वारा जानकारी रामगोपाल कुशवाहा जिनके बेटी लक्ष्मी कुशवाहा की शादी केसरी पैलेस में थी उनको दी लक्ष्मी कुशवाहा और रानी कहार की बेटी दोनों सहेली थी और अपनी सहेली के निमंत्रण में रानी कहार अपनी बेटी के साथ शादी में शामिल होने केसरी पैलेस गई थी जहां किसी तरह से टूट कर उनका मंगलसूत्र गिर गया था रानी कहार समोसा बेंचती है और उनकी समोसा की दुकान में रामगोपाल कुशवाहा का लड़का हमेशा समोसा खाने जाता था इस दौरान रानी कुशवाहा के लड़के ने रामगोपाल कुशवाहा के लड़के से चर्चा की कि तुम्हारी बहन की शादी में मेरी मम्मी गई थी वहां उनका मंगलसूत्र गिर गया है ईस समय वह बहुत दुखी रहती हैं यदि पता चलेगा तो बताना तब रामगोपाल कुशवाहा के लड़के ने कहा कि मेरे पिताजी को फोन कर लो मंगलसूत्र मिल जाएगा इस दौरान मंगलसूत्र को खोये लगभग एक माह बीत गए थे ईस तरह से अब जाकर एक माह बाद 26 म ई को राजू चाय वाले की दुकान पर मीडिया के सामने रानी कहार और उसके बेटे को विल देखकर के मंगलसूत्र दिया गया।- मंगलसूत्र पाकर खुश हुई रानी - सनातन संस्कृति में मंगलसूत्र खोना काफी दोष माना जाता है मंगलसूत्र होने के बाद रानी के पुत्र ने बताया कि मेरी मम्मी हमेशा रोती रहती थी रात में भी सो नहीं पाती थी अब मंगलसूत्र पानी से वह बहुत खुश हैं- कबीर धाम समिति के लिए दान किया 5000 रूपए। रानी द्वारा खुश होकर के कबीर दास का मंदिर कोरियन मोहल्ला में बन रहा है उसके निर्माण में सहयोग के रूप में स्वेच्छा से 5000 देने का वादा किया है और ईश्वर का धन्यवाद दिया है उन्होंने कहा कि मेरे मेहनत का पैसा इसलिए भगवान ने मेरी पुकार सुन ली और मुझे मेरा मंगलसूत्र मिल गया।

## चिपाडनाथ तालाब की हुई सफाई

ब्यौहारी

जनपद पंचायत ब्यौहारी के अंतर्गत ग्राम पंचायत म ऊ में मंदिर परिसर में बने तालाब में जल गंगा संरक्षण संवर्धन अभियान के तहत ग्राम भ्रमण के रूप में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की संपर्क कक्षा के रूप में समस्त परामर्श तथा जन अभियान परिषद ब्यौहारी- मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास कोर्स के ग्राम सामाजिक कार्यकर्ता प्रसफुटन समिति अनहरा के अध्यक्ष एवं सभी लोगों ने सामूहिक रूप से चिपडनाथ धाम के घाट की साफ सफाई का कार्य किया जो की जन अभियान परिषद ब्लॉक ब्यौहारी-के द्वारा गोद लिया गया स्थल है आज यह श्रमदान का पांचवा दिवस है जिस पर समस्त टीम के द्वारा कार्य किया गया।



### नं 2 आदर्श मैरिज गार्डन मोहल्ले में नहीं पहुंच रही प्रतिदिन कचरा गाड़ी

**ब्यौहारी।** नगर परिषद के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 2 आदर्श मैरिज गार्डन मोहल्ले मैं प्रतिदिन कचरा गाड़ी नहीं जाती है जिससे वहां के निवासियों को काफी दिक्कतों को सामना करना पड़ता है वह कचरा रखें दो-दो दिन इंतजार करते हैं मोहल्ले की निवासी महिला कविता शर्मा ने बताया की प्रतिदिन कचरा गाड़ी नहीं आती एक दिन के अंतर पर आती है जिससे हम लोगों को काफी परेशानी होती है मोहल्ले वासियों ने कलेक्टर से प्रतिदिन कचरा गाड़ी समय से भेजने की मांग की है।



### जिले में 29 मई से 12 जून तक चलेगा विकसित कृषि संकल्प अभियान

# कृषि अधिकारी व वैज्ञानिक किसानों को बताएंगे उन्नत खेती के तरीके

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप यादव के निर्देश पर जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान का संचालन गुरूवार 29 मई से 12 जून तक किया जाएगा। इस दौरान किसानों को केन्द्र एवं राज्य शासन की प्रमुख योजनाओं, कृषि की उन्नत एवं नवीन तकनीकों तथा नवाचारों की जानकारी कृषि वैज्ञानिकों और कृषि अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायतो में पहुंचकर की जाएगी। कलेक्टर ने सभी 6 विकासखंडों के लिए नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर पहुंच कर किसानों को उन्नत कृषि की जानकारी देने के लिए तिथि एवं समय भी तय कर दिया है। प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए आरएईओ, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी, मत्स्य निरीक्षक, समिति प्रबंधक, पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक, कृषि सखी और सहायक ब्लॉक प्रबंधक, राज्य आजीविका मिशन की ड्यूटी लगाई गई है।

कलेक्टर द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार विकासखण्ड कटनी में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 29 मई को ग्राम पंचायत बंडा, पिपरौंध एवं पडुआ में कृषि वैज्ञानिक व कृषि अधिकारी पहुंचकर, किसानों को आधुनिक खेती के तौर तरीके बतायेंगे। इसी प्रकार 31 मई को ग्राम पंचायत गनियारी, गुलवारा एवं देवरीटोला में शिविर लगेगा। जबकि 2 जून को ग्राम पंचायत देवरीहटाई, सलैया एवं केवलारी में, 4 जून को ग्राम पंचायत कछगवां, गैतरा एवं इमलिया में, 6 जून को ग्राम पंचायत चाका, पटवारा एवं कैलवारा में, 8 जून को ग्राम पंचायत जुहली एवं देवराखुर्द में, 9 जून को ग्राम पंचायत मतवार पडरिया, पिलौजी एवं खमतरा में 11 जून को ग्राम पंचायत कन्हवारा, डिठवारा एवं जोबीकला में शिविर लगेगा।

विकासखण्ड बहोरीबन्द में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 30 मई को ग्राम पंचायत पिपरिया, खमतरा एवं मोहतरा में, 1 जून को ग्राम पंचायत हथियागढ़, अमरगढ़ एवं ककरहेटा में, 3 जून को ग्राम पंचायत कुआ, राखी एवं जुजावल में, 5 जून को ग्राम पंचायत पथराडी पिपरिया, अमगंवा एवं जुझारी में, 7 जून को ग्राम पंचायत बुधनवारा, भखरवारा एवं बचौया में शिविर लगेगा। इसी प्रकार 10 जून को ग्राम पंचायत बाकल, पटीराजा एवं मसंधा में, 12 जून को ग्राम पंचायत कौडिया, धूरी एवं बंधी में शिविर लगेगा।

विकासखण्ड ढीमरखेड़ा में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 29 मई को ग्राम पंचायत कोठी, महगंवा एवं दादर सिहुडी में, 31 मई को ग्राम पंचायत बरेली, इमलिया एवं पिपरिया सहलावन में, 2 जून को ग्राम पंचायत बम्हनी, पचपेढ़ी उमरियापान में, 4 जून को ग्राम पंचायत सरसवाही, भूला एवं कनौजा में, 6 जून को ग्राम पंचायत पोडीखुर्द, खदवारा एवं पिपरिया शुक्ल में, 8 जून को देवरी बिछिया, सनकुई एवं अंतर्वेद में और 10 जून को ग्राम पंचायत भमका, परसेल एवं झिन्ना पिपरिया में तथा 12 जून को ग्राम पंचायत सिलौडी, कछारगांव बडा एवं कचनारी में शिविर लगेगा।

विकासखण्ड बडवारा में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 30 मई को ग्राम पंचायत विलायतखुर्द, पथवारी एवं विलायतकला में, 1 जून को ग्राम पंचायत अमाडी, बनहरा एवं बरछेका में, 3 जून को ग्राम पंचायत बरनमहगंमा, हदरहटा एवं खितौली में, 5 जून को ग्राम पंचायत बिजौरी, कछारी एवं भुडसा में, 7 जून को ग्राम पंचायत बडवारा, बछरवारा एवं पठरा में, 9 जून को ग्राम पंचायत रोहनिया, बंदरी एवं लखाखेरा में, 11 जून को ग्राम पंचायत पिपरियाकला, खिरहनी एवं परसवारा में शिविर लगेगा।

विकासखण्ड रीठी में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 29 मई को ग्राम पंचायत रीठी, मुहास एवं उमरिया में, 31 मई को ग्राम पंचायत अमगंमा, गुरजीकला एवं बडगांव में, 2 जून को ग्राम पंचायत बिलहरी, करहियाकला एवं कैमोरी में, 4 जून को ग्राम पंचायत देवगांव, पटौहा एवं देवरीकला में, 6 जून को ग्राम पंचायत भरतपुर, रूडमूढ एवं बरजी में, 8 जून को ग्राम पंचायत रैपुरा, घुघरा एवं बडागांव में, और 10 जून को ग्राम पंचायत तिलगवां, बरियारपुर एवं इमलाज में तथा 12 जून को ग्राम पंचायत डांग, सिमडारी एवं करहिया नं. 1 में शिविर लगेगा।

## 1.80 करोड़ रुपये से वार्डो में बिछेगा सड़कों का जाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगारिकों को गुणवत्तापूर्ण मूलभूत व्यवस्था सहित बेहतर और व्यवस्थित आवागमन की सुविधाएं प्रदान करनें हेतु निगम प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है। नागरिकों की प्राथमिकता एवं व्यवस्थित आवागमन को देखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के कुशल निर्देशन और आयुक्त श्री नीलेश दुबे के मार्गदर्शन में नगर में अभूतपूर्व विकास देखने को मिल रहा है। नगर के चहुंमुखी विकास हेतु लगभग 1 करोड़ 80 लाख 36 हजार 288 रूपये की लागत से विभिन्न वार्डो में 10 स्थलों की सडकों के डामरीकरण कार्य कराये जाने की अल्प कालीन निविदा जारी की गई है। इन निर्माण कार्यो को निर्धारित शर्तों के साथ नियत समय सीमा में पूर्ण कराने के प्रयास किये जा जाएगें। निगम प्रशासन द्वारा सुगम यातायात व्यवस्था प्रदान किये जानें हेतु जिन विकास कार्यो डामरीकरण कार्य की निविदा जारी की गई है उनमें बाल गंगाधर तिलक वार्ड में साईं मंदिर के बगल से गली नंबर सात में 17 लाख 4 हजार 145 रुपये इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 4 में बालाजी गेट से पुरवार स्कूल 13 लाख 4 हजार 966 रुपये की लागत का कार्य की निविदा आमंत्रित की गई है।

जबकि शिवाजी वार्ड क्रमांक 20 में मुक्तिधाम की जर्जर रोड का डामरीकरण कर पुनः निर्माण कार्य लागत 13 लाख 18 हजार 226 से कराया जायेगा। वहीं महात्मा गांधी वार्ड में विभिन्न स्थलों में 8 लाख 52 हजार 679 रुपये की लागत से, आचार्य कृपलानी वार्ड में गोवर्धन कुकरेजा के मकान से डायमंड स्कूल तक 13 लाख 26 हजार 321 रुपये की लागत से सड़क डामरीकरण का कार्य कराये जानें हेतु निविदा आमंत्रित की गई है।

इसी प्रकार हेमू कालाणी वार्ड क्रमांक 40 में राय कॉलोनी में 24 लाख 73 हजार 51 रुपये की लागत से, महाराणा प्रताप वार्ड में 15 लाख 98 हजार 712 रूपये की लागत, जाकिर हुसैन वार्ड में 12 लाख 65 हजार 556 रुपये, आजाद चौक से सुक्खन अखाड़ा व काली मंदिर से जैन मंदिर तक लागत 27 लाख 33 हजार 546 रूपये सहित रविदास चौराहा से कैलवारा फाटक तक 34 लाख 56 हजार 86 रुपये की लागत से डामरीकरण का कार्य कराया जायेगा।

**खबर संक्षेप**

## कपिलधारा मीरा माई आश्रम में भागवत महापुराण एवं अष्ट लक्ष्मी महायज्ञ का शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक के धार्मिक एवं पर्यटन स्थल कपिलधारा वार्ड क्रमांक 6 में 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा एवं श्री अष्ट लक्ष्मी महायज्ञ का भव्य शुभारंभ आश्रम परिसर से माई की बगिया तक 10 किलोमीटर का विशाल शोभा यात्रा इस पावन अवसर पर निकाली गई। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में महिलाओं एवं शक्ति स्वरूपा कन्या बालिकाओं ने सिर पर कलश रखकर पैदल यात्रा की। माई की बगिया एवं नर्मदा मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत महापुराण की विधिवत पूजन अर्चन किया गया। उल्लेखनीय है कि श्रीमद् भागवत महापुराण कथा एवं श्री अष्ट लक्ष्मी महायज्ञ पंडित राम गोपाल जी शास्त्री नीलू महाराज अंजनिया मंडला के द्वारा कथा व्यास के रूप में किया जाएगा श्रीमद् भागवत महापुराण कथा एवं श्री अष्ट लक्ष्मी महायज्ञ में यजमान के रूप में पंडित रामचंद्र तिवारी पेंड्रा सहधर्मिणी के साथ शामिल होगें। आज की विशाल शोभायात्रा में अन्य लोगों के अलावा राजेश सोनी सागर रवि सोनी पेंड्रा मुन्ना तिवारी पेंड्रा जेडी तिवारी पेंड्रा राजू सिंधी पेंड्रा रोड प्रमुख रूप से शामिल एवं उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी आमजनों की समस्याएं

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आज जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आम नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 81 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री पंचोली ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का तय समय-सीमा में निराकरण किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र राहत मिल सके। जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के.के. सोनी, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगणों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी।

**50,000 लोगों के स्वास्थ्य की डूबती नाव**

# राजनगर पीएचसी की इमारत आलीशान पर इलाज अब भी भगवान के नाम

### यहां नियुक्त हैं कुल 4 कर्मी, ड्रेसर कागजों में पदस्थ, बिजुरी में दे रहे सेवा

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/राजनगर।** राजनगर पीएचसी की घोषणा 2022 में हो गई थी। लोकार्पण 2024 में हुआ और स्वास्थ्य सेवा? वह अब भी भविष्य के गर्भ में है। राजनगर उप-स्वास्थ्य केंद्र को तीन वर्ष पहले ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रघोषित कर दिया गया था, लेकिन सुविधाएं आज भी उस ज़माने में अटकी हैं, जब बीमारियाँ झाड़-फूंक से ठीक मानी जाती थीं। बाहर से देखो तो लगता है कि एम्स की कोई सैटेलाइट ब्रांच खुल गई हो, लेकिन भीतर झांको तो समझ आ जाएगा यहाँ इलाज नहीं, केवल उद्घाटन हुआ है। भवन की सुंदरता पर मोहित मत होइए, यह वह मंदिर है, जहाँ न पुजारी है, न प्रसाद, केवल घंटा बजता है वह भी उपेक्षा का।




### चार लोगों की ड्यूटी में चौदह की उम्मीद

सरकारी मापदंडों के अनुसार, एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कम से कम 14 से 15 कर्मचारी आवश्यक होते हैं डॉक्टर, फार्मासिस्ट, ड्रेसर, लैब टेक्नीशियन, गार्ड, सफाईकर्मी और बाकी सहयोगी स्टाफ सहित, लेकिन यहां नियुक्त हैं कुल 4 कर्मी दो एएनएम और दो नर्सिंग स्टाफ, डॉक्टर नहीं हैं, फार्मासिस्ट नहीं हैं, ड्रेसर कागजों में पदस्थ हैं, लेकिन बिजुरी में सेवा दे रहे हैं, और अभी तक रिलीविंग ऑर्डर नहीं आया तो लैब टेक्नीशियन ग़ायब हैं। स्वास्थ्य केंद्र है या कोई "सूत्रलेख रहित स्कीम", जहाँ इलाज खुद से सोचकर ही कर लेना पड़ता है। मरीजों का इलाज कुछ यूं होता है कि "नाम लिखवाइए, बुखार को मानसिक शांति से दबाइए, और दुआ करिए कि खुद ही ठीक हो जाएं।" राजनगर पीएचसी अब इलाज का केंद्र नहीं, बल्कि आत्म-संयम प्रशिक्षण केंद्र बन गया है।

### सुरक्षा और सफाई भी बीमार

जहाँ दो-दो गार्ड होने चाहिए, वहाँ केवल एक नाइट शिफ्ट गार्ड है। लगता है सरकार को पूरा भरोसा है कि दिन में चोर नहीं आते और बीमारियां रात में ही हमला करती हैं। सफाई की बात करें तो एक मात्र सफाईकर्मी पूरे परिसर की सफाई का जिम्मा अकेले उठाए हुए है। परिणामस्वरूप, सफाई व्यवस्था की हालत देखकर लगता है कि सरकार का मानना है "गंदगी भी इम्युनिटी बढ़ाती है।"

### पोस्टमार्टम और मेडिकल परीक्षण के नाम पर परिक्रमा

राजनगर थाना महज़ 2 किलोमीटर की दूरी पर है, लेकिन किसी भी हादसे के बाद पोस्टमार्टम के लिए 9 किलोमीटर दूर बिजुरी भेजा जाता है। यह व्यवस्था प्रशासन की सुविधा नहीं, संवेदनहीनता का प्रतीक बन चुकी है। इतना ही नहीं, झगड़े-झंझट या अपराधों में घायल पीड़ितों के मेडिकल परीक्षण के लिए भी पुलिस को इसी दूरस्थ केंद्र का चक्कर लगाना पड़ता है। यानी जीवित हो या मृत दोनों के लिए यह केंद्र समान रूप से अनुपयोगी है।

इस पीएचसी का महत्व केवल राजनगर तक सीमित नहीं है। तीन नगर परिषद और करीब आठ गांव इसकी सेवाओं पर आश्रित हैं। यदि इसे सही संसाधनों, स्थायी स्टाफ और उचित दवाओं से सुसज्जित कर दिया जाए, तो यह केंद्र लगभग 50,000 लोगों के लिए स्वास्थ्य का वरदान बन सकता है। लेकिन मौजूदा हालातों में यह एक ऐसा महल है, जिसकी दीवारें मजबूत हैं, पर भीतर खालीपन की गूंज है। राजनगर की जनता पूछ रही है कि जब 2022 में इसे पीएचसी घोषित किया गया था, तब योजना कहाँ अटक गई? जब उद्घाटन हो गया, तो ऑपरेशन कब शुरू होगा? जब कागज़ों में स्टाफ भर दिए गए, तो धरातल पर क्यों नहीं दिखते? इस वक्त राजनगर पीएचसीएक प्रतीक है उस सरकारी रवैये का, जहाँ घोषणा सबसे पहले होती है, व्यवस्था सबसे बाद में और सुविधा शायद कभी नहीं।

### इनका कहना है

डॉक्टर एवं स्टाफ के संबंध में उच्च अधिकारी को पत्राचार किया गया है।

**मनोज सिंह**
**चिकित्सा अधिकारी**

---

जो पहले डॉक्टर पदस्थ थे वह एसईसीएल में ज्वाइन हो गए हैं, अभी कोई भी डॉक्टर नहीं है, एवं ट्रांसफर लिस्ट में ड्रेसर का पद स्थापना राजनगर कर दिया जाएगा।

**डॉ. आर. के. वर्मा**
**जिला चिकित्सा अधिकारी अनूपपुर**

---

डॉक्टर की कमी से क्षेत्र में मरीजों की समस्या तो बढ़ रही है। जिसके लिए हम उच्च अधिकारी को पत्राचार करेंगे कि डॉक्टर एवं स्टाफ की पदस्थापना जल्द से जल्द करें।

**श्रीमति रीनू सुरेश कोल, अध्यक्ष**
**नगर परिषद डोला**

---

हमारे द्वारा संबंधित अधिकारियों को पत्राचार किया जाएगा, ताकि नगर के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

**यशवंत सिंह, अध्यक्ष**
**नगर परिषद बनगवां (राजनगर)**

---

डॉक्टरों और स्टाफ की कमी से जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जनहित को देखते हुए मैं शीघ्र ही इस विषय में उच्चाधिकारियों से पत्राचार करूंगा ताकि समस्या का शीघ्र समाधान हो सके।

**धनंजय सिंह (मुन्ना), उपाध्यक्ष**
**नगर परिषद बनगवां (राजनगर)**

# नीलकंठ के फलते फूलते कारोबार में कर्मचारी वाजिब हक से दूर



**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** खनन के क्षेत्र में नामचीन कंपनी बन चुकी नीलकंठ जो को क्षेत्र के आमांडॉड प्रोजेक्ट में कोयला खनन एवं परिवहन का काम कर रही है। जिसमें लगभग 1200 से 1300 स्किल्ड कर्मचारी काम पर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्मचारियों का न तो बी फॉर्म भरवाया गया न ही बीटीसी ट्रेनिंग कराई गई साथ ही अटेंडेंस भी कर्मचारियों की न तो क फॉर्म में ओर न हीं बायोमैट्रिक के माध्यम से लगाई जा रही है। मांग है कि नीलकंठ के कर्मचारियो के एल पी सी में कौन साइन करता है इसकी भी जांच होनी चाहिए तथा नीलकंठ के सभी कर्मचारियों को हर महीने पेमेंट स्लिप भी उपलब्ध कई जाने की मांग की जाती है। इसके उलट जमुना कोतमा क्षेत्र के प्रबंधन द्वारा जबरन अपने कर्मचारियों को बायोमैट्रिक मशीन में इन आउट कराने को मजबूर कर रहा है यह देखा जा सकता है कि प्रबंधन द्वारा बीच बीच में पत्र के माध्यम से कर्मचारियों को यह कहकर डराने का प्रयास किया जाता है कि पेमेंट नहीं होने पर सारी जवाबदारी कर्मचारियों की होगी इस लिए सबको इन आउट अनिवार्य रूप से कराना होगा। चूंकि प्रबंधन का रवैया एक ही प्रोजेक्ट में दो तरह का है अतः ऐसे पत्र ओर आदेश का संगठन विरोध करता है एवं संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला ने मांग की है कि एक ही क्षेत्र में अलग अलग तरीके का नियम लागू करना ठीक नहीं है। संगठन पुनः अवगत कराना चाहता है कि नील कंठ कंपनी के कर्मचारियों का अटेंडेंस बायोमैट्रिक में इन आउट नहीं कराया जाता एवं दक्षता के हिसाब से वाजिब भुगतान नहीं किया जाता तब तक कंपनी के कर्मचारियो को इन आउट का प्रबंधन द्वारा दबाव बनाना ठीक नहीं है बल्कि निंदनीय है, इस पर तत्काल रोक लगाए जाने की जरूरत है।



# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला मुख्यालय एवं ब्लॉक स्तर पर 1 से 30 मई तक किया जा रहा है। यह शिविर जिला कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी के नेतृत्व में आयोजित हो रहा है। 27 मई को जिला खेल प्रशिक्षण केंद्र अनूपपुर में वॉलीबॉल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बालक-बालिकाओं के मध्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। बालकों की श्रेणी में भगत सिंह क्लब विजेता एवं भीमराव अंबेडकर क्लब उपविजेता रहा, वहीं बालिकाओं की श्रेणी में रानी लक्ष्मीबाई क्लब ने प्रथम स्थान एवं रानी दुर्गावती क्लब ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में किया गया, जिसमें लाल बहादुर शास्त्री क्लब विजेता तथा मेजर ध्यानचंद क्लब उपविजेता रहा। इसी क्रम में, कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन तुलसी महाविद्यालय में व्यायाम शिक्षक धनिराम वनवासी द्वारा किया गया, जिसमें सरदार वल्लभभाई पटेल क्लब विजेता तथा भगत सिंह क्लब उपविजेता रहा।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला यातायात प्रभारी ज्योति दुबे उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में रामनारायण वर्मा (क्रीड़ा अधिकारी, तुलसी महाविद्यालय), इंद्रनारायण काछी (क्रीड़ा अधिकारी, कन्या महाविद्यालय), तथा रामचंद्र यादव (जिला खेल प्रशिक्षक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग) का विशेष योगदान रहा। जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष चौतन्य मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी खिलाड़ियों ने अनुशासनपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि शिविर के पश्चात भी नियमित अभ्यास जारी रखने से खिलाड़ियों को राज्य, राष्ट्रीय एवं अन्य स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में रामचंद्र यादव, आशुतोष त्रिपाठी (अध्यक्ष, मैकल क्लब), अजय पटेल, संजय श्रीवास्तव, ए. विश्वास, एवं सीनियर खिलाड़ी श्वेता नामदेव ने उपस्थिति दर्ज कराई और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

# माहवारी स्वच्छता जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

### 300 से अधिक आशा कार्यकर्ता एवं आशा सुपरवाइजर को किया गया प्रशिक्षित

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** प्रणाम नर्मदा युवा संघ एवं स्वास्थ्य विभाग अनूपपुर अनूपपुर के संयुक्त तत्वाधान में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर माहवारी स्वच्छता जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक भवन राजेन्द्रग्राम में आयोजित किया गया, जिसमें पुष्पराजगढ़ विकासखंड की 300 से अधिक आशा कार्यकर्ता, आशा सुपरवाइजर, एएनएम, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी तथा महाविद्यालयीन छात्रों को माहवारी स्वच्छता, सामाजिक एवं परंपरागत रूढीवादी अभ्यास, कुरुतियों एवं अंधविश्वास के विषय में जागरुक एवं प्रशिक्षित किया गया द्य आशा कार्यकर्ता समुदाय में प्राथमिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रूप में कार्य करती हैं।



गर्भधात्री माताएं, गर्भवती महिलाओं तथा किशोरी बालिकाओं से लेकर अन्य स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता की जिम्मेदारी आशा कार्यकताओर् के कंधों पर होती है जिसका सकारात्मक परिणाम समय-समय पर देखने को मिलते हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए आशा कार्यकताओर् को माहवारी स्वास्थ्य तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता तथा प्रशिक्षण प्रदान किया गया ताकि समाज में जाकर समुदाय स्तर पर जागरूकता फैलाने का कार्य कर सकेंगे, जिससे स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकेगा। यह कार्यक्रम के प्रायोजक संकल्प ग्रुप आफ कॉलेज, माँ कुटीर ट्रस्ट, टिपटा मिडिया तथा ग्राम पंचायत किरगी के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ।

### मिशन निरोग नारी के माध्यम से किया जा रहा जागरूक

विदित हो कि प्रणाम नर्मदा युवा संघ विगत 5 वर्षों से मिशन निरोग नारी का संचालन कर रहा है जिसमें माहवारी स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा अंधविश्वासों और सामाजिक रूढ़वादी अभ्यास के उन्मूलन का कार्य किया जा रहा है, संस्था द्वारा ग्रामीण तथा जनजातीय अंचलों में सामुदायिक तथा विद्यालय के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, समय-समय पर सेमिनार तथा वर्कशॉप के माध्यम से भी महिलाओं तथा पुरुषों को जागरूक किया जाता है। निरोग नारी केंद्र के माध्यम से ग्रामीण तथा जनजाति महिलाओं को निःशुल्क सैनिटरी पैड भी उपलब्ध कराया जाता है।

### माहवारी पर करें खुलकर बात

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके वर्मा ने बताया कि माहवारी कोई बीमारी नहीं है वरन यह एक सामान्य प्रक्रिया है जो एक स्वस्थ महिला में प्रदर्शित होता है, माहवारी के दौरान स्वास्थ्य की विशेष देखमाल करने की आवश्यकता होती है, स्वास्थ्य विभाग इस पर लगातार कार्य कर रहा है। आशा कार्यकर्ता इसकी प्राथमिक कड़ी के रूप में कार्य कर रहे हैं जिसे और सबल बनाने की आवश्यकता है।

### माहवारी के वैज्ञानिक प्रक्रिया को समझने की आवश्यकता

मुख्य वक्ता डॉ सरस्वती चतुर्वेदी ने महावारी के वैज्ञानिक प्रक्रिया को सरल शब्दों में समझाया साथ ही महावारी के दौरान स्वच्छता ना रखने पर होने वाली बीमारियों और उसके दुष्परिणाम पर विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया, माहवारी चक्र को समझाते हुए स्वस्थ स्त्री के माहवारी लक्षणों का विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया, साथ ही महिलाओं में माहवारी के दौरान होने वाले मनोवैज्ञानिक परिवर्तनों पर भी प्रकाश डाला गया।

### माहवारी अभिशाप नहीं वरदान है

संस्था की पदाधिकारी और मिशन निरोग नारी की प्रमुख निधि सिंह राठौर ने सामाजिक मान्यताओं तथा रूढ़िवादी विचारों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महावारी को लेकर लगभग प्रत्येक समाज में विभिन्न प्रकार की मान्यताएं और प्रथाएं प्रचलित हैं। इन प्रथाओं का विश्लेषण होना चाहिए तथा आधुनिक युग में उपलब्ध सुविधाओं के अनुसार हमें जीवन को बेहतर बनाने की ओर प्रयास करना चाहिए। महावारी के दौरान पूजा ना करना, मंदिर ना जाना, पानी न भरना, गौशाला में प्रवेश न करना तथा महिलाओं के साथ छुआ छूत जैसा व्यवहार करने पर विस्तार से चर्चा किया गया।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता तथा माँ कुटीर ट्रस्ट से रीता मुखर्जी, डॉ रवि पाटीदार, सरपंच ग्राम पंचायत किरगी अर्जुन सिंह, संकल्प ग्रुप के डाइरेक्टर अंकित शुक्ला, प्रणाम नर्मदा युवा संघ से विकास चंदेल, हरीश कुमार धुर्वे, निधि सिंह राठौर, पवन गुप्ता, निवेदिता राव, अंजलि दुबे, माखन सिंह, शिवकुमार, अविनाश आनंद मोहन सिंह, दुर्गेश कुमार, सुरभि प्रधान, इंटर्न हरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रवीण चडार, निलेश कुमार सहित संकल्प संकल्प महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

# बैहाटोला में जन अभियान परिषद के कार्यों का संभागीय समन्वयक ने लिया जायजा

### जन चौपाल लगाकर की ग्रामीणों से चर्चा, किया पौधारोपण



**हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।** जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक भीम सिंह डामोर ने जिले के कोतमा विकासखंड के नवांकुर संस्था एवं परामर्शदाताओं के साथ बैठक की तथा परिषद के द्वारा संचालित कार्यक्रमों, योजनाओं के क्रियान्वयन के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की। संभागीय समन्वयक ने समाज और शासन के बीच की कड़ी के रूप में जन अभियान परिषद की भूमिका के सफल क्रियान्वयन के लिए टीम के सदस्यों को बधाई दी। कोतमा विकासखंड के ग्राम बैहाटोला में जी एस हितकारिणी समिति द्वारा संचालित जन सूचना केंद्र, विवेकानंद वाचनालय, नर्सरी का अवलोकन किया गया। इस संबंध में समिति के पदाधिकारी व सामाजिक कार्यकर्ता ओंकार सिंह ने कार्यों के संबंध में जानकारी दी। संभागीय समन्वयक ने जन चौपाल लगाकर जन अभियान परिषद के कार्यों के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन मेंटर्स मोहम्मद नजीर खान ने किया तथा आभार विकासखंड समन्वयक कोतमा सरीमन साकेत ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच होम लाल सिंह, महेन्द्र यादव, अध्यक्ष कान्हा जन कल्याण समिति नगाराबांध, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बैहाटोला की अध्यक्ष श्रीमती निर्मल सिंह तथा छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे। इस अवसर पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

